## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–30.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो और चतरा से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार के. एन. त्रिपाठी आज करेंगे नामांकन।
- लोकसभा चुनाव के चौथे और झारखंड के पहले चरण में नाम वापसी के बाद सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में कुल पैंतालिस प्रत्याशी मैदान में।
- झारखंड अधिविध परिषद, जैक आज जारी करेगा इंटरमीडियट के तीनों संकायों का रिजल्ट, पहली बार अप्रैल में आएगा परीक्षा परिणाम।
- झारखंड के अधिकतर जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार, भीषण गर्मी के कारण आठवीं तक की कक्षाएं स्थगित।
- रांची में आज से शुरू हुई राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग, मोरहाबादी में खेला जा रहा है हरियाणा और ओडिशा के बीच पहला मैच।

************************

धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में एक सभा प्रस्तावित है, जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री समेत झारखंड के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो मतदाताओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगी।
वहीं चतरा लोकसभा सीट पर आज इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता मौजूद रहेंगे।

************************

लोकसभा चुनाव के चौथे और झारखंड के पहले चरण के चुनाव में नाम वापसी के बाद अब कुल पैंतालिस उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। झारखंड की चार लोकसभा सीटों में सिंहभूम में 14 उम्मीदवार, खूंटी लोकसभा सीट के लिए सात, लोहरदगा में 15 और पलामू लोकसभा सीट के लिए नौ उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हुए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची में बताया कि पांचवें चरण के तहत झारखंड के चतरा लोकसभा सीट के लिए अबतक चार उम्मीदवार, कोडरमा में दो प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है जबकि हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए अभी तक किसी प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा दाखिल नहीं किया है।

************************

गोड्डा जिले में आगामी छह मई तक उन स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जहां पिछले चुनाव में वोट प्रतिशत कम था। इसके लिए गोड्डा एवं महागामा अनुमंडल में मतदान केंद्रों के अनुसार स्वीप कार्यक्रम की तिथियां तय कर दी गई हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जीशान कमर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए सभी तरह की उपाय किए जाएं।

************************

झारखंड अधिविधि परिषद, जैक आज इंटरमीडियट के तीनों संकायों–विज्ञान, कला और वाणिज्य समेत वोकेशनल का परीक्षा परिणाम जारी करेगा। जैक सभागार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह और जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो परीक्षा परिणाम जारी करेंगे।

यह पहला अवसर होगा जब अप्रैल में ही मैट्रिक और इंटर के सभी संकायों का रिजल्ट जारी होगा। गौरतलब है कि इंटर के तीनों संकायों की परीक्षा छह से छब्बीस फरवरी तक आयोजित की गई थी।

************************

सरायकेला–खरसावां जिले में मलेरिया जॉन के रुप मे चिन्हित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

************************

द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथधाम में जापान से 20 भक्तों की टोली पहुंची। भक्तों ने बाबा बैद्यनाथ के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। साथ ही वे सभी संध्या पूजा–अर्चना में भी शामिल हुए। जापान से आए भक्तों के पुरोहित ने बताया कि यह सभी लोग जापान से भारत में सभी बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने आए हैं। यहां से वे लोग भारत के अन्य शहरों में स्थित ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने जाएंगे।

************************

पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने कल रात एक व्यवसायी को गोली मारकर घायल कर दिया। छतरपुर के खातिर ग्राम निवासी व्यवसायी संतोष साहू बाजार से अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था, इसी बीच बाइक सवार अपराधियों ने उसे दो गोली मार दी। घायल व्यवसायी को पलामू मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

************************

हॉकी इंडिया द्वारा पहली बार आयोजित राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की शुरुआत झारखंड की मेजबानी में आज राजधानी रांची में की जा रही है। पहला मैच आज सुबह सात बजे से मोरहाबादी स्थित एस्ट्रो टर्फ मैदान में हरियाणा और ओडिशा के बीच खेला जा रहा है। पहले दिन चार मैच खेले जाएंगे। शाम चार बजे महाराष्ट्र और मिजोरम तथा शाम छह बजे मध्यप्रदेश और बंगाल के बीच मैच खेले जाएंगे।

************************

झारखंड के कई जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है। राजधानी रांची सहित राज्यभर में गर्मी और हीट वेव को देखते हुए सरकारी और निजी स्कूलों की केजी से आठवीं क्लास तक की कक्षाऐं आज से लेकर अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। इसे लेकर स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। वहीं दूसरी ओर लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से परामर्श जारी किया गया है।

************************

कुछ संक्षिप्त खबरें–

- देवघर जिले की पुलिस ने बुढ़ई थाना क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्तौल, छह गोली और साढ़े पांच हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।
- रामगढ़ जिले में शत–प्रतिशत मतदान के लिए निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को मताधिकार के प्रयोग के लिए पत्र लिखा जा रहा है।
- चतरा जिले की पुलिस ने कल शाम सिमरिया के चौपे महनैया जंगल में छापेमारी कर 150 किलो अवैध कत्था बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को नामजद अभियुक्त भी बनाया है।
- साहेबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कल शाम डीएमएफटी, लघु कुटीर उद्योग, मत्स्य, मशरूम उत्पादन, झारक्राफ्ट विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया।

************************

अखबारों की सुर्खियों से

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन करने और बढ़ती गर्मी के कारण आठवीं तक की कक्षाएं स्थगित किए जाने की खबर, राजधानी रांची से प्रकाशित सभी अखबारों की सुर्खियों में है।

प्रभात खबर लिखता है–कल्पना को अपना आशीर्वाद दें : शिबू

दैनिक हिन्दुस्तान की सुर्खी है–हेमंत ने हक मांगा तो केंद्र ने भेजा जेल– कल्पना।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–लू की चपेट में झारखंड, आज से आठवीं तक के स्कूल बंद।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–सरकारी अफसरों की ट्रांसफर–पोस्टिंग भी कराता था अंतु तिर्की, ईडी ने जुटाए साक्ष्य।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है–लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी।

राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है–हाईकोर्ट ने कहा–जबरन नहीं तोड़ सकते किसी का घर, चाहे अतिक्रमण ही क्यों न हो।

हिन्दुस्तान टाइम्स में देश में पड़ रही भीषण गर्मी और टाइम्स ऑफ इंडिया ने अमित शाह के एडिटेड वीडियो मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री को नोटिस की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

************************